रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 747] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 21, 2010/वैशाख 1, 1932
No. 747] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 21, 2010/VAISAKHA 1, 1932

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 21 अप्रैल, 2010

का.आ. 904(अ).—दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री जी. एस. सिस्तानी की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने संबंधी मामला भेजा गया था कि संगमों नामशः नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एन एल एफ टी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (ए टी टी एफ) को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, के दिनांक 25-3-2010 के आदेश को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अंतर्गत आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है ।

विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत गठित अधिकरण के समक्ष

नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा

के मामले में :

और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स

के मामले में :

और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत संदर्भित

मामले में :

रिपोर्ट

1. श्री नवीन वर्मा, संयुक्त सचिव, भारत सरकार द्वारा 3 अक्तूबर, 2009 को इस आशय की एक अधिसूचना सं. का.आ. 2523 (अ) जारी की गई थी कि केन्द्र सरकार का यह मत है कि नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा इसके विभिन्न विंगों (जिन्हें इसमें इसके बाद एन एल एफ टी कहा गया है।) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (जिसे इसमें इसके बाद ए टी टी एफ कहा गया है) की गतिविधियां भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकारक हैं और यह कि ये विधिविरुद्ध संगठन है। इसके परिणामस्वरूप, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (जिसे इसमें इसके बाद अधिनियम कहा गया है) की धारा 3 (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया था।

2. केन्द्र सरकार का यह भी मत था कि इन दोनों संगमों की गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाने तथा इन्हें नियंत्रित करने की आवश्यकता है और अत: इसका यह मत था कि उक्त अधिनियम की धारा 3 (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इनको तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है।

3. उक्त अधिनियम की धारा 3 (1) के प्रयोजनों के लिए केन्द्र सरकार का यह मत था कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ :

(i) अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विद्रोही तथा हिंसक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस प्रकार इन्होंने सरकार के प्राधिकार को क्षति पहुंचाई है और लोगों में आतंक एवं हिंसा फैलाई है;

(ii) ने यूनाईटेड लिब्रेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) और मणिपुर के मैतई उग्रवादी गुटों जैसे अन्य विधिविरुद्ध संगठनों का समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से उनसे संबंध स्थापित किए हैं;

(iii) हाल के पिछले कुछ समय से अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई हिंसक तथा विधिविरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहे हैं जो कि भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकर है;

4. हिंसक और विधिविरुद्ध गतिविधियों के संबंध में केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित गतिविधियों को शामिल किया:

(क) नागरिकों तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्या;

(ख) त्रिपुरा में व्यवसाइयों एवं व्यापारियों सहित जनता से जबरन धन ऐंठना;

(ग) सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण, शस्त्र एवं गोलाबारूद आदि की प्राप्ति के प्रयोजन के लिए पड़ोसी देश में शिविर स्थापित करना तथा उन्हें बनाए रखना;

(घ) त्रिपुरा में जनजातीय एवं गैर जनजातीय समुदायों के बीच सांप्रदायिक संघर्ष उत्पन्न करना एवं उसमें वृद्धि करना।

5. उक्त अधिनियम की धारा 3 (3) के अंतर्गत शक्ति के प्रयोग के प्रयोजन के लिए यह कहा गया है कि यदि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ की गतिविधियों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं लगाया गया तो उन्हें निम्नलिखित कार्यों के करने का अवसर मिल जाएगा:

(i) अलगाववादी, विद्रोही, एवं हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने काडरों को संगठित करना;

(ii) भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय अखंडता के प्रति वैमनस्य भाव रखने वाली शक्तियों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का प्रचार करना;

(iii) अधिकाधिक नागरिकों की हत्याएं करने में संलिप्त रहना तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों को निशाना बनाना;

(iv) अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से गैर कानूनी हथियार एवं गोलाबारूद प्राप्त करना और लाना;

(v) अपनी गैर कानूनी गतिविधियों के लिए जनता से बड़ी धनराशि इकट्ठी करना तथा जबरन धन ऐंठना।

6. उपर्युक्त परिस्थितियों में तथा इस अधिनियम की धारा 5(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री राय प्रताप नाथ, संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई दिनांक 30 अक्तूबर, 2009 की अधिसूचना सं. का.आ. 2785 (अ) के द्वारा इस अधिकरण का गठन किया गया। इस अधिनियम की धारा 4 (i) के अधिकार से इस अधिकरण को यह न्याय निर्णय करना है कि क्या इस अधिनियम की धारा 2 (त) के अंतर्गत परिभाषित अभिव्यक्ति के अर्थ के भीतर एन एल एफ टी और ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने का पर्याप्त कारण है अथवा नहीं।

7. अपने मामले के समर्थन में केन्द्र सरकार ने अधिकरण को एक पत्र लिखा तथा एन एल एफ टी के लक्ष्यों, उद्देश्यों और हिंसक गतिविधियों के संबंध में विवरण प्रस्तुत किया।

8. इस अधिकरण द्वारा एन एल एफ टी और ए टी टी एफ को 12 नवम्बर 2009 को कारण बताओ नोटिस भेजा गया कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम क्यों न घोषित किया जाए। यह निदेश दिया गया कि त्रिपुरा राज्य में और उससे बाहर इन दोनों संगमों को नोटिस की तामीली यथा उपलब्ध पतों पर तथा उन इलाकों, जहां इन संगमों की अपनी स्थापनाएं हों अथवा उनकी उपस्थिति की जानकारी हो, में प्रचलित स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन के द्वारा भी की जाए। नोटिस का प्रकाशन अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय स्थानीय भाषा दोनों में, इलैक्ट्रानिक और प्रिन्ट मीडिया में उदघोषणाओं के द्वारा; यदि उक्त संगमों का कोई कार्यालय हो तो उसके प्रमुख स्थानों पर नोटिस चिपकाकर और जहां संभव हो वहां इन संगमों के प्रधान पदाधिकारियों, यदि कोई हों, के पते पर पंजीकृत डाक से अथवा अन्य किसी प्रकार से किया जाना था। यह भी निदेश दिया गया था कि ऐसे क्षेत्रों में जिनके बारे में यह माना जाता है कि यहां इन दोनों संगठनों की गतिविधियां साधारण रूप से चलाई जाती हैं, नोटिस और राजपत्र अधिसूचना की विषय-वस्तु के बारे में ढोल पीटकर तथा लाउडस्पीकरों के द्वारा उदघोषणा की जाए। यह भी निदेश दिया गया कि दिनांक 3.10.2009 की अधिसूचना की प्रति सहित उक्त नोटिस यथा संभव रूप से जिला/तहसील मुख्यालयों में जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार के कार्यालय में तथा उपायुक्त के कार्यालय और बाजार स्थलों पर प्रदर्शित किया जाए।

9. दिनांक 12 नवम्बर, 2009 के आदेश के अनुसरण में त्रिपुरा राज्य ने दिनांक 16 दिसम्बर, 2007 को इस आशय का एक शपथपत्र दायर किया कि नोटिस का पर्याप्त प्रचार करके इन संगमों को नोटिस की तामीली कर दी गई है। केन्द्र सरकार ने भी 18 दिसम्बर, 2009 को इस आशय का एक शपथपत्र दायर किया कि इन दोनों संगमों को दिनांक 12.11.2009 के आदेश में इस अधिकरण द्वारा दिए गए निदेश के अनुसार तामीली कर दी गई है।

10. तामीली के बावजूद इन दोनों संगमों की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। तदनुसार दिनांक 17 मार्च, 2010 के एक आदेश के द्वारा एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ दोनों के बारे में एक पक्षीय रूप से कार्रवाई की गई।

11. एन एल एफ टी और ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने संबंधी अपने मामले के समर्थन में केन्द्र सरकार ने दिनांक 18 दिसम्बर 2009 को एक शपथ-पत्र दायर किया तथा त्रिपुरा राज्य ने दिनांक 11 जनवरी, 2010 को एक शपथपत्र दायर किया। त्रिपुरा राज्य द्वारा 27 जनवरी, 2010 को एक अतिरिक्त शपथपत्र भी दायर किया गया।

12. केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए श्री आर.आर. झा., निदेशक, गृह मंत्रालय के दिनांक 18 दिसम्बर, 2009 के शपथ-पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि एन एल एफ टी का गठन जून, 1989 में किया गया था। फरवरी, 2001 में एन एल एफ टी के एक बड़े नेता नयनबासी जमातिया ने अपने अनुयाइयों के साथ मिलकर एन एल एफ टी (एन) के नाम से एक नए संगठन का गठन किया। एन एल एफ टी (एन) के साथ 17.12.2004 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए जिसके बाद एन एल एफ टी (एन) के कुछ कॉडर मुख्यधारा में शामिल हो गए। तथापि, बिस्वमोहन देबबर्मा के नेतृत्व में एन एल एफ टी के अधिकांश कॉडर हिंसा में संलिप्त बने रहे। ए टी टी एफ का गठन 1993 में किया गया और इसका नेतृत्व रंजीत देबबर्मा के हाथों में है। इन दोनों संगठनों का घोषित उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र के अन्य सशस्त्र अलगाववादी संगठनों के साथ मिलकर त्रिपुरा को भारत संघ से अलग करके एक पृथक देश का निर्माण करना है।

13. यह उल्लेख किया जाता है कि ए टी टी एफ तथा इसका राजनैतिक विंग, अर्थात त्रिपुरा पीपल डेमोक्रेटिक फ्रंट (टीपीडीएफ) त्रिपुरा के भारत में विलय के विरोध में 15 अक्तूबर को काले दिवस के रूप में मनाता रहा है तथा यह प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस/गणतंत्र दिवस समारोहों का भी बहिष्कार करता रहा है। कुछ अन्य संगठनों के साथ, यह त्रिपुरा के भारत में विलय को 'अवैध' बताकर इसकी निंदा करता रहा है और राज्य की प्रभुसत्ता और स्वतंत्रता को कायम रखने का प्रचार करता रहा है।

14. यह उल्लेख किया जाता है कि एन एल एफ टी त्रिपुरा के चार में से तीन जिलों में सक्रिय बना हुआ है। एन एल एफ टी के प्रभाव वाले क्षेत्र में उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र में दूर-दराज के क्षेत्र, धलाई जिले के अम्बासा, चमानू, मानू, गंगानगर, गंडाचेरा, सलेमा और कमालपुर थाना क्षेत्र तथा पश्चिमी त्रिपुरा जिले में कल्याणपुर, चम्पाहॉट, तेलियामूरा, मुंगैकामी और श्रीनगर थाना क्षेत्र शामिल हैं। ए टी टी एफ का प्रभाव पश्चिमी त्रिपुरा जिले के सिंधई, मंडई, लेफुंगा, रानीर बाजार, तकारज़ाला, खोवई, जिरानिया, तेलियामूरा, कल्याणपुर और चम्पाहॉट क्षेत्रों तक सीमित है।

15. यह उल्लेख किया जाता है कि एन एल एफ टी के नेता बंगलादेश में शिविरों में रहते हैं और अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए बार-बार त्रिपुरा आते रहते हैं। इस एसोसिएशन का मुख्यालय बंगलादेश में है और इसी देश में इनके छिपने के अड्डे तथा आश्रय स्थल हैं। त्रिपुरा में अधिकांश हिंसक गतिविधियों की योजना एन एल एफ टी द्वारा बंगलादेश में बनाई गई है तथा उन्हें वहीं से अंजाम दिया गया है। यह संगठन शस्त्रों के प्रापण और प्रशिक्षण के संबंध में पूर्वोतर के अन्य विद्रोही संगठनों, विशेष रूप से नेशनल सोशलिस्ट काउन्सिल ऑफ नागालैंड (इसाक-मुईवा) और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोरोलैण्ड के साथ गहन संबंध बनाए हुए है। यह संगठन, पाकिस्तान के आई एस आई के संपर्क में भी रहता है।

16 इसी प्रकार, ए टी टी एफ के भी बंगलादेश में प्रशिक्षण शिविर, छिपने के अड्डे तथा आश्रय स्थल हैं और यह, विशेष रूप से शस्त्रों के प्रापण तथा प्रशिक्षण सुविधाओं के प्रयोजन के लिए पूर्वोत्तर के अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ गहन संबंध बनाए रखता है। ए टी टी एफ, त्रिपुरा में हिंसा फैलाने तथा शस्त्रों का प्रापण करने के लिए बंगलादेश के भू-भाग का भी प्रयोग करता रहा है। यह संगठन पाकिस्तान के आई एस आई से भी संपर्क बनाए हुए है।

17 शपथपत्र में आगे यह उल्लेख किया गया है कि राज्य के 40 पुलिस थानों (34 पुलिस थानों को पूर्णत: और 6 पुलिस थानों को आंशिक रूप से) के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को त्रिपुरा राज्य द्वारा, सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 के अंतर्गत अशान्त क्षेत्रों के रूप में घोषित किया गया है और कुछ समय से इन दोनों संगठनों को, विधि-विरुद्ध क्रिया-कलाप

(निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत विधि-विरुद्ध संगम घोषत किए जाने के बावजूद, इन दोनों संगठनों द्वारा हिंसा तथा जबरन धन वसूली की गतिविधियां जारी रही हैं।

18 यह उल्लेख किया जाता है कि गैर-जन जातीय लोगों पर हमलों से जन जातीय लोगों तथा बंगाली लोगों के बीच अक्सर नृजातीय तनाव पैदा हुआ है कि जिसके शिकार निर्दोष लोग हुए हैं जिससे राज्य में आदिवासी तथा गैर-आदिवासी लोगों के बीच बड़ी खाई आ गई है जिसके कारण तनावपूर्ण नृजातीय स्थिति पैदा हो गई है। यह उल्लेख किया जाता है कि हाल ही में मुख्य रूप से सुरक्षा बल तथा आदिवासी लोग एन एल एफ टी की हिंसा के शिकार हुए हैं तथा काफी बड़ी संख्या में सुरक्षा बल कार्मिकों की हत्याएं की गई हैं और जबरन धन वसूली, लूटपाट, अपहरण, व्यपहरण आदि की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं। दिसम्बर, 2008 माह के दौरान इस संगठन ने चार मौकों पर सीमा पर बाड़ लगा रहे मजदूरों की सुरक्षा में लगे सीमा सुरक्षा बल पार्टी पर हमले किए। इन हमलों में सीमा सुरक्षा बल के 3 कार्मिकों सहित 5 व्यक्ति मारे गए और 3 सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों सहित 5 व्यक्ति घायल हुए। इस संगठन के आय का प्रमुख स्रोत, जबरन धन वसूली, लूटपाट तथा फिरौती के लिए व्यपहरण/ अपहरण है। यह संगठन, 'राजस्व एवं कर विभाग, त्विपुरा राजशाही सरकार' के नाम से "कर नोटिस" भी जारी करता रहा है और इस उद्देश्य से सीमा पर बाड़ लगाने संबंधी परियोजना में शामिल कंपनियों तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम -2005 के लाभार्थियों को निशाना बनाता रहा है। संगठन द्वारा की जाने वाली हिंसा मुख्यत: बडी धनराशि इकट्ठी करने की आवश्यकता से प्रेरित होती है जिसका इस्तेमाल, शस्त्रों और गोला-बारूदों की खरीद, बंगलादेश में अपने नेताओं/काडरों के रहने और ठहरने, प्रशिक्षण शिविरों को चलाने तथा संगठन के दैनिक खर्चे को पूरा करने में किया जाता है।

19 जहां तक ए टी टी एफ का संबंध है तो यह उल्लेख किया जाता है कि यह संगठन, विचारधारा के नाम पर व्यावसायियों तथा सरकारी कर्मचारियों से जबरन धन वसूली में संलिप्त है तथा फिरौती के लिए अगवा किए जाने का भी सहारा ले रहा है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान ए टी टी एफ द्वारा की जाने वाली हिंसा में उल्लेखनीय कमी देखी गई है जिसका मुख्य कारण, उसके काडरों का, संगठन के कार्य करने के तौर-तरीके, अपने नेताओं के अक्खड़ रवैये के कारण मोहभंग होना तथा हिंसा के खिलाफ़ व्यापक जनमत होना रहा है परन्तु संगठन ने

अपनी मारक क्षमता बरकरार रखी हुई है जैसा कि संगठन द्वारा 1-10-2008 को किए गए श्रृंखलाबद्ध विस्फोटों (आई ई डी) से प्रतीत होता है जिसमें 74 व्यक्ति जलने के शिकार हुए थे। संगठन बात-चीत के प्रति भी अपनी हठधर्मिता यह कहते हुए बनाए हुए है कि वह बात-चीत में तभी भाग लेगा जब बात-चीत, संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधि की उपस्थिति में 'संप्रभुता' के मुद्दे पर होगी।

20 अभिसाक्षी ने अपने शपथपत्र के साथ एक अनुलग्नक भी दायर किया है जिसमें वर्ष 2007, 2008 और 2009 (31 जुलाई तक) में एन एल एफ टी और ए टी टी एफ द्वारा की गई कुछ घटनाओं के विवरण दिए गए हैं। इन घटनाओं/ विवरणों का उल्लेख त्रिपुरा राज्य द्वारा दायर दस्तावेज़ों में भी किया गया है जिनका निपटान उचित स्तर पर किया जाएगा।

21 त्रिपुरा राज्य ने भी एक शपथपत्र दायर किया है और घोषणा के समर्थन में 14 गवाहों को प्रस्तुत किया है।

22. त्रिपुरा राज्य की ओर से दायर शपथपत्र में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए गए है :-

क. एन एल एफ टी के संविधान की प्रति, ई एक्स. पी-8/गवाह-1 (कौली)।

ख. ए टी टी एफ के संविधान की प्रति, ई एक्स. पी-8/गवाह-2 (कौली)।

ग. एन एल एफ टी की अगुवाई में त्विपुरा राजशाही सरकार द्वारा जारी कर नोटिस की प्रति, ई एक्स. पी-8/गवाह-4

घ. एन एल एफ टी की अगुवाई में त्विपुरा राजशाही सरकार द्वारा जारी कर परिपत्र की प्रति, ई एक्स. पी-8/गवाह -3

ड. बंगलादेश में स्थित एन एल एफ टी और ए टी टी एफ के उग्रवादी शिविरों की सूची, ई एक्स. पी-6/गवाह-

च. एफ आई आर की प्रमाणित प्रतियों ई एक्स. पी-3/गवाह-1 (कौली) सहित वर्ष 2008 और 2009 के दौरान एन एल एफ टी और ए टी टी एफ द्वारा किए गए घिनौने अपराधों की सूची, ई एक्स पी-3/गवाह-1

छ. वर्ष 2008 और 2009 के दौरान उक्त दोनों संगठनों द्वारा किए गए आतंकवादी हमलों में मारे गए/घायल हुए सुरक्षा कार्मिक और सिविलियनों से जुड़े आंकड़े।

ज. गिरफ्तार/आत्मसमर्पण कर चुके आंतकवादियों की पूछ-ताछ रिपोर्टों की प्रतियां, ई एक्स. पी-6/गवाह-2 (कौली) और ई एक्स. पी-6/गवाह-3 (कौली)।

23 त्रिपुरा राज्य ने एक अतिरिक्त शपथपत्र के माध्यम से 1-10-2008 को अगरतला टाउन में हुए श्रंखलाबद्ध विस्फोटों के संबंध में पूर्वी अगरतला (पश्चिमी त्रिपुरा जिला) में दर्ज दिनांक 1-10-2008 की एफ आई आर सं. 2008 का 157 में दायर आरोप पत्र, रिकार्ड के लिए रखा है, ई एक्स. पी-3/गवाह-2 (कौली)। अतिरिक्त शपथपत्र में यह उल्लेख किया गया है कि ए टी टी एफ उग्रवादियों ने 1-10-2008 को अगरतला टाउन में श्रृंखलाबद्ध विस्फोट किए और इस प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों के उक्त हिंसक क्रियाकलापों के कारण काफी लोग मारे गए और गंभीर रूप से घायल हुए।

24 त्रिपुरा राज्य ने निम्नलिखित 14 गवाह प्रस्तुत किए हैं :-

1) श्री शांतनु दास, जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर, पश्चिमी त्रिपुरा जिला।

2) श्री बृजेश पाण्डेय, जिला मजिस्ट्रेट, धलाई जिला।

3) श्री के.वी. श्रीजेश, पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी त्रिपुरा जिला।

4) श्री लालमिंगा डारलांग, पुलिस अधीक्षक, उत्तरी त्रिपुरा जिला।

5) श्री गोपाल कृष्ण राव, पुलिस अधीक्षक, धलाई जिला।

6) श्री जी. श्रीनिवासराव, पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा त्रिपुरा।

7) श्री हरि मोहन दास, पुलिस अधीक्षक, केंद्रीय अगरतला, पश्चिमी त्रिपुरा।

8) श्री धीरेन्द्र चन्द्र दास, पुलिस अधीक्षक, सी आई डी, त्रिपुरा।

9) श्री रतन मजुमदार, उप पुलिस अधीक्षक, त्रिपुरा।

10) श्री कमल कृष्ण कोलई, प्रभारी अधिकारी, पुलिस थाना मुंगईकामी, पश्चिमी त्रिपुरा जिला।

11) श्री अमेन्दर देब बर्मा, प्रभारी अधिकारी, पुलिस थाना माणिकपुर, धलाई जिला।

12) श्री रविन्द्र प्रताप सिंह, निरीक्षक 'बी' कंपनी, 77 बटालियन सीमा सुरक्षा बल, पश्चिमी त्रिपुरा।

13) श्री देबव्रत दास, सेक्शन इंजीनियर, एन.एफ. रेलवे, असम।

14) श्री सारदेन्दु चौधरी, उप सचिव (गृह), त्रिपुरा सरकार।

25 गवाह सं.1 से 13 ने अलग-अलग शपथपत्र दायर किए हैं और इस अधिकरण के समक्ष 17-3-2010 और 18-3-2010 को बयान देने के अतिरिक्त, साक्ष्य के तौर पर, अपना-अपना शपथपत्र प्रस्तुत किया है। उनके द्वारा दिए गए बयानों का सार निम्नानुसार है:-

अभियोजन गवाह-1, जो पश्चिमी त्रिपुरा जिले के जिला मजिस्ट्रेट पद पर कार्यरत् हैं, ने बयान दिया कि उनके द्वारा दिए गए अनुदेशों के अंतर्गत पांच स्थानीय अंग्रेजी समाचार-पत्रों और तीन स्थानीय भाषाओं के समाचार-पत्रों में राज्य सरकार के संबंधित विभाग द्वारा दिनांक 12-11-2009 को कारण बताओ नोटिस प्रकाशित किया गया। मूल समाचार-पत्रों को अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया और उक्त की प्रतियां रिकार्ड हेतु ई एक्स. पी-1/गवाह-2(कौली) के रूप में रखी गईं हैं। उन्होंने आगे यह बयान दिया कि आकाशवाणी, अगरतला और दूरदर्शन, अगरतला के माध्यम से कारण बताओ नोटिस का व्यापक प्रचार किया गया। संबंधित विभाग द्वारा उक्त की पुष्टि किए जाने को ई एक्स.पी-1/ गवाह-3 (कौली) के रूप में रिकार्ड के लिए रखा गया है। नेशनल इन्फारमेटिक सेन्टर के माध्यम से त्रिपुरा राज्य की अधिकारिक वेबसाइट पर भी कारण बताओ नोटिस प्रदर्शित किया गया। इस वेबसाईट की प्रिंट प्रति को भी दायर किया है और ई एक्स. पी-1/गवाह-4 के रूप में प्रदर्शित किया गया है। अधिकरण के समक्ष अपना बयान देते समय अभियोजन गवाह-1 ने कहा कि उन्हें अपनी ड्यूटियों के निर्वहन के दौरान विकास से जुड़ी गतिविधियों का जायज़ा लेने के लिए अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों का दौरा करना होता है। उनके क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 16 ब्लॉक हैं जिनमें 400 गांव सम्मिलित हैं। क्षेत्र के लोगों से बात-चीत करने के दौरान उन्हें पता चला कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ तथा उसके गुटों के सदस्य, भारत संघ से त्रिपुरा को स्वतंत्र करके एक स्वतंत्र 'बोरोकलैंड त्रिपुरा' की स्थापना के अपने घोषित उद्देश्य को हासिल करने के प्रयोजन से क्षेत्र में विध्वंसक क्रिया-कलापों में संलिप्त हैं तथा इसके लिए उत्तरदायी हैं। पिछले गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन संगठनों ने बहिष्कार का आह्वान किया था और अंदरूनी क्षेत्रों में लोगों को इन समारोहों में भाग लेने से रोकने के लिए काले झंडे लहराए।

अभियोजन गवाह-2, जिला मजिस्ट्रेट, धलाई जिला ने बयान दिया कि इन संगठनों पर पहली बार प्रतिबंध वर्ष 1997 में लगाया गया था। चूंकि ये संगठन विध्वंसक और हिंसक क्रिया-कलापों में लगातार संलिप्त रहे हैं इसलिए इन पर प्रतिबंध लगाया रखा गया है। उन्होंने भारत सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचनाओं की प्रतियां प्रस्तुत की जिनमें दोनों संगठनों को विधि-विरुद्ध संगम घोषित किया गया था। वर्ष 1997, 1999, 2005, 2007 और 2009 में जारी की गई ऐसी पांच अधिसूचनाओं की प्रतियां रिकार्ड के लिए प्रस्तुत की गई हैं और इन्हें ई एक्स. पी-2/गवाह-1 (कौली) के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने यह भी बयान दिया कि स्थानीय लोगों के साथ-साथ गुप्त मुखबिरों से बात-चीत के बाद उन्हें पता चला कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ तथा उनके गुटों के सदस्य, भारत संघ से त्रिपुरा को स्वतंत्र करके एक स्वतंत्र 'बोरोकलैंड त्रिपुरा' की स्थापना के अपने घोषित उद्देश्य को हासिल करने के प्रयोजन से क्षेत्र में विध्वसंक क्रिया-कलापों में संलिप्त हैं तथा इसके लिए उत्तरदायी हैं। पिछले गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इन संगठनों ने बहिष्कार का आह्वान किया था और अदंरुनी क्षेत्रों में लोगों को इन समारोहों में भाग लेने से रोकने के लिए काले झंडे लहराए थे। ये अलगाववादी और विध्वंसक क्रिया-कलापों में संलिप्त रहते हैं जिनसे देश की संप्रभुता को खतरा पैदा होता है, लोक-व्यवस्था और राज्य के विकास में विघ्न पड़ता है और लोगों के बीच आतंक का माहौल बनता है। विश्वसनीय सूत्रों से इसकी पुष्टि हुई है कि इन संगठनों ने बारुदी सुरंग, रॉकेट लांचर, आर पी जी जैसे घातक हथियार प्राप्त किए हैं। अभियोजन गवाह-2 ने 22-2-2010 को आगे यह बयान दिया कि ए टी टी एफ और एन एल एफ टी के काडरों ने सुरक्षा बल के कार्मिकों पर हमला किया था जिसके परिणामस्वरूप सुरक्षा बल के कार्मिक घायल हो गए। इस संबंध में उनके जिले के पुलिस थाना मानू में दिनांक 22-2-2010 को एफ आई आर सं. 13/10 दर्ज की गई है। साक्ष्य के तौर पर उक्त की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत की गई और वह ई एक्स. पी-2/गवाह-2 के रूप में प्रदर्शित है।

अभियोजन गवाह-3 ने अपनी मुख्य जांच के दौरान विभिन्न एफ आई आर का सार प्रस्तुत किया जिनके विवरण का उल्लेख उनके शपथपत्र में भी है। सार में उल्लिखित एफ आई आर की कार्बन प्रतियों अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की गई। विभिन्न एफ आई आर का सार और उनकी प्रमाणित प्रतियां रिकार्ड के लिए प्रस्तुत की गईं और उन्हें क्रमश: ई एक्स. पी-2/गवाह-1 (कौली) और ई एक्स.पी-3/गवाह-2 (कौली) के रूप में प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बयान दिया कि पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी त्रिपुरा के रूप में अपनी ड्यूटियों के निर्वहन के दौरान उन्हें यह पता चला एन एल एफ टी और

ए टी टी एफ तथा इनके गुटों के सदस्य, 'भारत संघ से त्रिपुरा को स्वतंत्र करके' एक स्वतंत्र 'बोरोकलैंड त्रिपुरा' की स्थापना के अपने घोषित उद्देश्य को हासिल करने के प्रयोजन से क्षेत्र में विध्वसंक क्रिया-कलापों में संलिप्त हैं तथा इसके लिए उत्तरदायी हैं। ये अलगाववादी और विध्वंसक क्रिया-कलापों में संलिप्त रहते हैं जिनसे देश की संप्रभुता को खतरा पैदा होता है, लोक-व्यवस्था और राज्य के विकास में विघ्न पड़ता है और लोगों के बीच आतंक का माहौल बनता है। उन्होंने बारुदी-सुरंग, रॉकेट लांचरों, आर पी जी आदि जैसे घातक हथियार प्राप्त किए हैं जिनका इस्तेमाल वे सुरक्षा बलों के खिलाफ कर रहे हैं। पिछले गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के दौरान इन संगठनों ने बहिष्कार का आह्वान किया था और अंदरूनी क्षेत्रों में लोगों को इन समारोहों में भाग लेने से रोकने के लिए काले झंडे लहराए थे।उन्होंने आगे बयान दिया कि उनके 15.11.2009 के शपथपत्र में उल्लिखित घटनाओं के अतिरिक्त एन एल एफ टी के सदस्यों द्वारा सुरक्षा बलों पर बिना किसी उत्तेजनात्मक कार्रवाई के गोलीबारी की गई। मुंगईकामी थाना, जो उनके जिले में पड़ता है, में एक मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति रिकार्ड में रखी गई है और प्रदर्श पी-3/डब्ल्यू-3 के रूप में दर्शायी गई है। पी डब्ल्यू-3 ने आगे कहा कि यद्यपि इसके बाद पश्चिम त्रिपुरा में, जहां वह तैनात हैं, किसी घटना की खबर नहीं है, फिर भी, उन्हें एक अन्य घटना की जानकारी मिली है जिसमें ए टी टी एफ तथा एन एल एफ टी के सदस्यों ने मार्च, 2010 में सुरक्षा बलों पर हमला किया था।

पी डब्ल्यू-4, पुलिस अधीक्षक, उत्तरी त्रिपुरा जिला, ने अपने साक्ष्य में विशेष रूप से यह बयान दिया है कि शपथपत्र के पैरा-2 में उल्लिखित 24 प्राथमिकियों में से चार प्राथमिकियां उनके जिले से सम्बन्धित हैं। प्राथमिकियों की प्रमाणित प्रतियां रिकार्ड में रखी गई हैं तथा प्रदर्श पी-4/डब्ल्यू-1 (कोली) के रूप में दर्शायी गई हैं। इस गवाह ने स्पष्ट रूप से यह भी बयान दिया है कि उनके जिले में नवम्बर 2009 में एक घटना हुई थी जिसमें एन एल एफ टी द्वारा 8 व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी और कंचनपुर थाने में एक मामला दर्ज किया गया है। दिनांक 10.11.2009 की उक्त प्राथमिकी की प्रमाणित प्रति रिकार्ड में रखी गई है और प्रदर्श पी-4/डब्ल्यू-2 के रूप में दर्शायी गई है। उन्होंने आगे बयान दिया कि उनकी ड्यूटी के दौरान, तथा प्राप्त गुप्त सूचना और नवम्बर, 2009 में हुई घटना के आधार पर, ए टी टी एफ और एन एल एफ टी एवं उनके गुटों के सदस्य, क्षेत्र में विध्वसंक क्रियाकलापों में संलिप्त हैं और इनके लिए जिम्मेदार हैं जिनका घोषित उद्देश्य 'भारत संघ से त्रिपुरा को आजाद करके' एक स्वतन्त्र 'बारोकलैण्ड त्रिपुरा' की स्थापना करनें के लक्ष्य को प्राप्त करना है। वे अलगाववादी तथा

विध्वंसक क्रियाकलापों में संलिप्त रहे हैं जिनसे देश की प्रभुसत्ता को खतरा है, राज्य में लोक व्यवस्था, विकास में बाधा होती है तथा लोगों के बीच भय उत्पन्न होता है। उन्होंने बारूदी सुरंगों, रॉकेट लांचरों, आर पी जी, आदि जैसे घातक हथियार प्राप्त कर लिए हैं जिनका प्रयोग वे सुरक्षा बलों के विरूद्ध कर रहे हैं। पिछले गणतन्त्र दिवस तथा स्वतन्त्रता दिवस के दौरान इन संगठनों ने बहिष्कार करने का आह्वान किया और लोगों को कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से रोकने के लिए भीतरी प्रदेशों में काले झण्डे लहराए।

पी डब्ल्यू-5, पुलिस अधीक्षक, धलाई जिला, त्रिपुरा ने अपनी मुख्य पूछताछ के दौरान स्पष्ट रूप से बताया कि वह अपने शपथपत्र के पैरा 2 में क्रम संख्या 19 से 24 में उल्लिखित प्राथमिकियों की कार्बन प्रतियां लाए हैं। उक्त प्राथमिकियां उन घटनाओं से संबंधित हैं, जो उनके जिले के क्षेत्राधिकार में घटित हुई थीं। प्राथमिकियों की प्रमाणित प्रतियां रिकार्ड में रखी गई हैं तथा प्रदर्श पी-5/डब्ल्यू-1(कोली) तथा प्रदर्श-पी-5/डब्ल्यू-2(कोली) के रूप में दर्शायी गई हैं। उन्होंने आगे बयान दिया कि उपर्युक्त घटनाओं के अतिरिक्त, नवम्बर, 2009; फरवरी 2010; और मार्च, 2010 के महीनों में तीन अन्य घटनाएं हुई थीं जिनके लिए अलग अलग प्राथमिकियां दर्ज कराई गई थीं। अपने साक्ष्य में उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया कि नवम्बर, 2009 की घटना में, घात लगाकर किए गए हमले में एक राइफलमैन की मृत्यु हो गई। फरवरी, 2010 की घटना में, एक राइफलमैन घायल हो गया तथा मार्च, 2010 की घटना में एन एल एफ टी के सदस्यों द्वारा गोलीबारी की गई। सभी तीनों घटनाएं एन एल एफ टी गुट से संबंधित हैं। प्राथमिकियों की प्रमाणित प्रतियां रिकार्ड में रखी गई हैं और प्रदर्श पी-5/डब्ल्यू-3(कोली) के रूप में दर्शायी गई हैं। इस गवाह ने आगे स्पष्ट रूप से बयान दिया कि उनके शपथपत्र में दिया गया बयान उन घटनाओं पर आधारित था, जो घटित हुई थीं और त्रिपुरा राज्य में ए टी टी एफ और एन एल एफ टी के सदस्यों की विध्वंसक क्रियाकलापों में संलिप्तता के संबंध में राज्य की विशेष शाखा, गृह विभाग से प्राप्त आसूचना रिपोर्टों के आधार पर था।

पी डब्ल्यू-6, पुलिस अधीक्षक (विशेष शाखा), त्रिपुरा ने अपने साक्ष्य में जोरदार तरीके से इस बात का उल्लेख किया कि एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ भूमिगत उग्रवादी संगठन हैं तथा उग्रवादी क्रियाकलापों में एवं कर की अवैध वसूली के रूप में, इन संघों द्वारा जारी किए गए परिपत्रों के आधार पर जबरन धन वसूली में संलिप्त हैं। एक

ऐसे परिपत्र और नोटिस की प्रतियां रिकार्ड में रखी गई है और क्रमश: प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-3 और प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-4 के रूप में दर्शायी गई हैं। उन्होंने आगे बताया कि इन परिपत्रों को ग्रामीणों से अथवा उक्त संगठनों के सदस्यों द्वारा आत्मसमर्पण किए जाने के समय अथवा छापे मारे जाने के दौरान बरामद किया जाता है। परिपत्र (प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-3) 28.6.2008 को मारे गए छापे के बाद बरामद किया गया था, और यह एक प्राथमिकी की विषय-वस्तु है जिसका नंबर इस परिपत्र की प्रति में बिन्दु 'छ' पर पृष्ठांकित है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उन्हें इस बात की व्यक्तिगत जानकारी है कि ऐसे परिपत्र लगातार जारी होते रहे हैं जिनके आधार पर गरीब ग्रामीणों को इन संगठनों को धन देना पड़ता है। अपनी ड्यूटियों के दौरान तथा प्राप्त सूचना के आधार पर, बंगलादेश में चल रहे एन एल एफ टी और ए टी टी एफ के उग्रवादी शिविरों की एक सूची तैयार की गई है और दस्तावेज़ी पुस्तिका में पृष्ठ सं. 70 पर रिकार्ड में रखी गई है जिसे प्रदर्श पी-6/डब्ल्यू-1 के रूप में दर्शाया गया है। उन्होंने आगे बयान दिया कि वह पूछताछ प्रकोष्ठ के प्रभारी हैं, जहां गिरफ्तार किए जाने अथवा उनके आत्म-समर्पण किए जाने के बाद उग्रवादियों से पूछताछ की जाती है और यह पूछताछ, पूछताछ करने वाले अधिकारियों के एक दल द्वारा की जाती है जिसमें उप पुलिस अधीक्षक तथा सी सु ब, के औ सु ब, असम राइफल्स, विशेष ब्यूरो, आसूचना ब्यूरो, आदि, के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। उन्होंने दिनांक 16.6.2009 और 04.01.2009 की पूछताछ संबंधी रिपोर्टें भी प्रस्तुत कीं। इनकी प्रतियां रिकार्ड में रखी गई हैं और प्रदर्श पी-6/डब्ल्यू-2(कोली) तथा प्रदर्श पी-6/डब्ल्यू-3 (कोली) के रूप में दर्शायी गई हैं। इस गवाह ने यह भी बयान दिया कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर विशेष शाखा द्वारा भी आसूचना रिपोर्टें एकत्र की जाती हैं।

पी डब्ल्यू-7, उप पुलिस अधीक्षक (केन्द्रीय) अगरतला, पश्चिम त्रिपुरा के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने इस अधिकरण के समक्ष बयान दिया कि उनके शपथपत्र के पैरा 3 से 8 में उल्लिखित घटनाएं ए टी टी एफ की अवैध तथा विध्वसंक क्रियाकलापों की विषय-वस्तु है। 1.10.2008 को हुई घटना में, चार बम विस्फोट हुए और उसी शाम मोटर स्टैण्ड पर एक जिन्दा बम को ढूंढ निकाला गया। 5.10.2008 को, राधामाधव मंदिर के निकट एक अन्य बम का पता लगाया गया और बम निरोधक दस्ते द्वारा निष्क्रिय किया गया। बम के साथ जोड़ा गया एक मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद

किया गया और जब्त किया गया। भारतीय दण्ड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत छः मामले दर्ज किए गए जिनकी प्रतियां रिकार्ड में रखी गई हैं। उन्होंने आगे बयान दिया कि फील्ड सूचना तथा अपनी व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर वह निश्चित रूप से मानते हैं कि ए टी टी एफ तथा एन एल एफ टी दोनों संगठन त्रिपुरा राज्य में लगातार अपने अवैध तथा विधिविरूद्ध क्रियाकलापों को अंजाम दे रहे हैं।

पी डब्ल्यू-8 उप पुलिस अधीक्षक, सी आई डी, त्रिपुरा हैं। उन्होंने बयान दिया कि वह वर्ष 2009 से उप पुलिस अधीक्षक, (सी आई डी) के रूप में तैनात हैं और अपनी ड्यूटियों के दौरान, उन्हें त्रिपुरा राज्य में एन एल एफ टी द्वारा जारी किए गए, एन एल एफ टी के गैर-कानूनी संविधान तथा कर प्ररिपत्र के बारे में पता चला। कर परिपत्र की प्रति रिकार्ड में रखी गई है और प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-3 के रूप में दर्शायी गई है और त्रिपुरा राज्य में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा दिनांक 28.6.2008 को एक मुठभेड़ के बाद उग्रवादियों के कब्जे से बरामद, एन एल एफ टी के कर नोटिस को दस्तावेज़ी पुस्तिका के पृष्ठ 68 पर रिकार्ड में रखा गया है तथा इसे प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू- 4 के रूप में दर्शाया गया है। एन एल एफ टी और ए टी टी एफ के गैर-कानूनी संविधान की प्रतियां भी रिकार्ड में रखी गई है तथा क्रमशः प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-1(कोली) तथा प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-2 (कोली) के रूप में दर्शायी गई हैं। उन्होंने आगे स्पष्ट रूप से बयान दिया कि प्राप्त सूचना के अनुसार, ए टी टी एफ तथा एन एल एफ टी और उनके गुट त्रिपुरा राज्य में विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप चला रहे हैं और उनका मकसद लोगों के दिमागों में भय उत्पन्न करके स्वतंत्र 'बोरोकलैण्ड त्रिपुरा' की स्थापना करनें के घोषित उद्देश्य को प्राप्त करना है।

पी डब्ल्यू-9, भी उप पुलिस अधीक्षक, सी आई डी, त्रिपुरा, अगरतला के रूप में कार्यरत हैं, जो इस अधिकरण के समक्ष पेश हुए तथा बयान दिया कि ए टी टी एफ एक भूमिगत उग्रवादी संगठन है, जिसने गैर-कानूनी रूप से अपने संविधान की रचना की है और जिसकी प्रतियां गुप्त तरीके से त्रिपुरा राज्य में जारी की गई हैं। ए टी टी एफ के संविधान की प्रति प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-2 के रूप में पहले ही दर्शायी जा चुकी है। उन्होंने आगे बयान दिया कि 1.10.2008 को, ए टी टी एफ के उग्रवादियों ने अगरतला कस्बे में श्रृंखलाबद्ध विस्फोट किए, जिनमें बड़ी संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हुए और एक विस्तृत जांच की गई, इस मामले में चार्ज शीट दाखिल की गई है और मामला लंबित है। उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि ए टी टी एफ और एन एल एफ टी दोनों संगठन

तथा उनके गुट त्रिपुरा राज्य में विध्वसंक क्रियाकलापों में संलिप्त हैं और इनके लिए उत्तरदायी हैं तथा इनका उद्देश्य और मकसद त्रिपुरा को भारत संघ से आज़ाद कराना है। उन्होंने आगे बयान दिया कि आसूचना रिपोर्टों तथा की गई क्षेत्र कवायदों के आधार पर, उन्हें इस बात की व्यक्तिगत जानकारी है कि दोनों संगठनों ने बारूदी सुरंगों, राकेट लांचरों, आर पी जी, आदि जैसे घातक हथियार प्राप्त किए हैं जिन्हें सुरक्षा बलों के खिलाफ प्रयोग किया जा रहा है।

पी डब्ल्यू-10 मुंगईकामी थाना, पश्चिम त्रिपुरा के प्रभारी अधिकारी हैं, जो 2007 से मुंगईकामी थाने में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि दिनांक 26.4.2008 की घटना, जिसका ब्यौरा उनके शपथपत्र के पैरा-3 में दिया गया है, के लिए थाना मुंगईकामी में भारतीय दण्ड संहिता की धाराओं 148/149/302/364(ए) के अंतर्गत एक प्राथमिकी सं.09/2008 दर्ज कराई गई थी, उक्त प्राथमिकी की प्रति भी उपलब्ध है और प्रदर्श पी-3/डब्ल्यू-2(कोली) के रूप में पहले ही दर्शायी गई हैं। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि उक्त घटना में, एन एल एफ टी के 6-7 हथियारबंद उग्रवादियों के एक ग्रुप ने रेलवे के कार्य स्थल, जो उनके थाने के अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत हैं, से श्री देबब्रत दास, सेक्शन इंजीनियर, एन.एफ.रेलवे, अगरतला को अगवा कर लिया और एन.एफ. रेलवे के श्री धीरेन्द्र देब नाथ, मिस्त्री को भी मौत के घाट उतार दिया। त्रिपुरा राज्य राइफल ग्रुप के कर्मियों ने उग्रवादियों का पीछा किया लेकिन घने जंगल से घिरे होने के कारण उग्रवादी बच निकले। बचाव कार्य किए गए और अगवा किए गए व्यक्ति को बचा लिया गया।

पी डब्ल्यू-11 मानिकपुर थाना, धलाई जिला के प्रभारी-अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने बयान दिया कि उनकी व्यक्तिगत जानकारी के आधार पर एन एल एफ टी और ए टी टी एफ तथा इसके विभिन्न गुट/विंग्स त्रिपुरा राज्य के भीतर सक्रिय हैं और 29.11.2008 को हुई एक घटना में सी सु ब के एक अधिकारी तथा नौ जवानों का एक दल तीन नागरिकों के साथ शेर स्थित सीमावर्ती चौकी से गर्जन पासा सीमावर्ती चौकी की ओर जा रहे थे। शेर सीमावर्ती चौकी से लगभग 2.5 कि.मी. की दूरी पर 30-35 हथियारबंद उग्रवादियों का एक समूह सी सु ब के दस्ते पर घात लगाकर हमला करने की प्रतीक्षा कर रहा था और ज्योंहि सी सु ब का दस्ता घात बिन्दु के निकट पहुंचा, उग्रवादियों ने स्वचालित हथियारों से उन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी और सी सु ब के दस्ते पर आई इ डी (इम्प्रोवाइज़्ड एक्स्प्लोजिव्स डिवाइस) से विस्फोट किया। उन्होंने

ड्राइवर के केबिन में हथगोले भी फेंके। सी सु ब के दस्ते ने जवाबी हमला किया। भारी गोलीबारी के बीच तीन सी सु ब कर्मी तथा एक नागरिक घटना स्थल पर ही मारे गए और दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सी सु ब दस्ते को ले जा रहे दो वाहनों को भी क्षति पहुंची। उन्होंने कहा कि दिनांक 29.11.2008 को मानिकपुर थाने में जहां यह गवाह प्रभारी-अधिकारी है, भा.द.स. की धाराओं 148/149/353/326/307/302 के अंतर्गत एक प्राथमिकी सं.08/2008 दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि वह मूल प्राथमिकी (जिसे अधिकरण ने देखकर लौटा दिया था) की कार्बन प्रति लाए थे। उन्होंने स्पष्ट रूप से बयान दिया कि उनकी जानकारी के मुताबिक, एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ अभी भी त्रिपुरा राज्य में सक्रिय हैं और विधि-विरूद्ध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

पी डब्ल्यू-12, निरीक्षक 'बी' कम्पनी, 77 बटालियन, सी सु ब, फटीकचेर्रा, पश्चिम त्रिपुरा के रूप में तैनात हैं। उन्होंने बयान दिया कि दिनांक 29.11.2008 को जब घटना हुई उस समय, वह बटालियन के मुख्यालय में थे और सूचना मिलते ही, वह सी सु ब के अन्य सदस्यों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और पाया कि सी सु ब के तीन जवान और एक नागरिक मारे गए थे, सी सु ब के वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे और भारी गोलीबारी हुई थी, इसके अतिरिक्त एक नागरिक और एक सी सु ब का जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। एक प्राथमिकी सं.08/2008 दर्ज कराई गई थी, जो प्रदर्श पी-5/डब्ल्यू-1 (कोली) के रूप में दर्शायी गई है।

पी डब्ल्यू-13, जो एन.एफ. रेलवे में इस समय सेक्शन इंजीनियर के पद पर असम में तैनात हैं, ने अपनी पूछताछ के दौरान, बयान दिया कि 26.04.2008 को हुई घटना में, 6-7 हथियारबंद उग्रवादियों के एक समूह ने उन्हें उनके कार्य स्थल से अगवा कर लिया और एन.एफ.रेलवे के धीरेन्द्र देब नाथ, मिस्त्री, को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया, हालांकि, उन्हें पुलिस ने बचा लिया। उन्होंने आगे बयान दिया कि उनके अगवा किए जाने के दौरान, उन्हें पता चला कि उन्हें अगवा करने वाले व्यक्तियों का संबंध एन एल एफ टी से था और कि उनकी मंशा एक पृथक राज्य बनाने की थी; कि वे अपना स्वयं का राज्य बनाना चाहते थे; कि उनके पास भारी मात्रा में हथियार एवं गोलाबारूद था और बड़े पैमाने पर लोगों के दिमाग में डर पैदा करना चाहते थे। उन्होंने आगे बताया कि वे गैर-कानूनी कर नोटिस जारी करके राज्य में बड़े पैमाने पर अवैध रूप

से लोगों से जबरन धन-वसूली भी करते थे और उनकी आगे मंशा रेलवे लाइन के निर्माण में बाधा डालने की थी। उन्होंने यह भी बताया कि एन एल एफ टी के सदस्य, उनके साथ तथा उनके स्वयं के बीच अपने वार्तालाप के दौरान धमकी दे रहे थे कि वे भारतीय संघ से त्रिपुरा को आजाद करा कर एक स्वतंत्र 'बोरोकलैंड त्रिपुरा' के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए राज्य के क्रियाकलापों में बाधा डालेंगे; और उसके लिए उन्हें हत्या करने तथा जबरन धन वसूलने में कोई गुरेज नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से बयान दिया कि उस समय इस संघ के सदस्यों ने यह भी दावा किया कि उक्त लक्ष्य की प्राप्ति के लिए वे ए टी टी एफ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य कर रहे थे। उन्होंने दो सदस्यों का नाम भी बताया, जिनके नाम वह श्री सन्तोष और श्री साम्पा के रूप में बता सके, जिनके पास हथियार एवं गोलाबारूद थे।

पी डब्ल्यू-14 उप सचिव (गृह), त्रिपुरा राज्य हैं, जो सीलबंद कवर में आसूचना रिपोर्ट लाए थे। उन्होंने इस अधिकरण से अनुरोध किया कि, सूचना के स्वरूप और संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, सीलबंद रिपोर्टों को केवल इस अधिकरण द्वारा ही खोला जाए और पढ़ा जाए (सीलबंद कवर अधिकरण द्वारा खोला गया और इसकी विषय-वस्तु को पढ़ा गया)। उन्होंने बयान दिया कि सील बंद लिफाफे में अन्तर्विष्ट गुप्त सूचना के आधार पर उन्होंने दिनांक 31.07.2009 को एक रिपोर्ट केन्द्र सरकार को भेजी थी। उन्होंने आगे बयान दिया कि आसूचना रिपोर्टों के अनुसार ये दोनों संगठन अर्थात् एन.एल.एफ.टी. तथा ए.टी.टी.एफ. लगातार अपनी गैरकानूनी एवं विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं और बाधाएं भी खड़ी कर रहे हैं, बड़े पैमाने पर लोगों के दिमाग में आतंक पैदा कर रहे हैं साथ ही जबरन धन वसूली की कोशिशों सहित वे त्रिपुरा राज्य के विकास कार्यों में बाधा खड़ी करने की धमकियां भी दे रहे हैं।

26. केन्द्र सरकार ने श्री आर. आर. झा, निदेशक, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को अपने साक्षी (पी.डब्ल्यू-15) के रूप में पेश किया है, जिन्होंने अपनी मुख्य जांच में बयान दिया कि वे गृह मंत्रालय नई दिल्ली में निदेशक हैं। उन्होंने आगे बयान दिया कि अधिकरण के अवलोकनार्थ तथा इस मामले में अधिकरण को निष्कर्ष तक पहुँचने के लिए वे उक्त दो संगमों के क्रिया-कलापों के बारे में आसूचना एजेंसियों, सुरक्षा बलों तथा त्रिपुरा सरकार से प्राप्त गुप्त सूचनाओं के विवरणों की एक फाइल सीलबंद कवर में अपने साथ लाए हैं। उक्त सीलबंद कवर को खोला गया और उसमें दी गई विषयवस्तु का अवलोकन किया गया।

27. मैंने, भारत सरकार की ओर से उपस्थित विद्वान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, श्री ए.एस. चन्ध्योक और त्रिपुरा राज्य की ओर से उपस्थित विद्वान वकील श्री गोपाल सिंह के तर्कों को सुना और उन पर गहन विचार किया था।

28. केन्द्र सरकार तथा त्रिपुरा राज्य की ओर से उपस्थित हुए विद्वान वकीलों ने तर्क दिया कि दिनांक 03.10.2009 की अधिसूचना, जिसके द्वारा एन.एल.एफ.टी तथा ए.टी.टी.एफ. को विधि विरूद्ध संगम घोषित किया गया था, की पुष्टि इस अधिकरण द्वारा उन गवाहों के साक्ष्य के आधार पर की जाए, जिन्होंने प्रमाणित किया है कि उक्त संगम पिछले दो वर्षों के दौरान विभिन्न विधि विरूद्ध आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त रहे हैं और इसलिए, उनके अनुसार सरकार के पास इस अधिकरण को न्याय निर्णयन के लिए भेजी गई दिनांक 03.10.2009 की अधिसूचना द्वारा उक्त संगमों को विधि विरूद्ध घोषित करने के पर्याप्त कारण थे।

29. भारत संघ तथा त्रिपुरा राज्य द्वारा दिनांक 03.10.2009 की अधिसूचना हेतु मेरे समक्ष प्रस्तुत प्रमाणों को मैंने सावधानी पूर्वक देखा है, मनन किया है और मूल्यांकन किया है।

<u>रिकार्ड में रखे गए साक्ष्य का मूल्यांकन</u>:

30. प्रदर्श पी-8/डब्ल्यू-1(कोली) के रूप में प्रदर्शित एन.एल.एफ.टी. का संविधान इसकी भूमिका के साथ 15 नवम्बर, 1994 को एन.एल.एफ.टी. की केन्द्रीय समिति द्वारा अपनाया गया प्रतीत होता है।

(क) संविधान की भूमिका में एन.एल.एफ.टी. का त्रिपुरा में विध्वंसात्मक आंदोलन का आधार दिया गया है। अन्य बातों के साथ-साथ इसमें उल्लेख किया गया है कि विदेशी राष्ट्रिकों के आप्रवास के सतत् अन्तरागम द्वारा बोरोक नाम से जाने जाने वाले देशी लोगों को पूरी तरह से नज़रअंदाज कर दिया गया है और यह कि, भारत के धमकी भरे दुराग्रह एवं साम्राज्यवाद के चलते देशी लोगों का शोषण हो रहा है, उन्हें सताया जा रहा है और दबाया जा रहा है। देशी लोगों की भाषा, रीति-रिवाजों एवं धर्मों के लिए खतरा पैदा हो गया है तथा सांस्कृतिक जाति संहार किया जा रहा है। यह भी कहा गया है कि भारत सरकार ने विद्रोह की रोकथाम हेतु देशी बोरोक लोगों पर सशस्त्र बल अधिनियम, 1958, आतंकवादी एवं विध्वंसात्मक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम तथा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसे कठोर कानून अधिरोपित किए हैं। यह आरोप लगाया गया है कि देशी लोगों को उनके स्वदेश से उखाड़ फेंकने के लिए साम्राज्यवादी भारत की यह नियमित कार्रवाई है। यह कहा गया है

कि इन परिस्थितियों के चलते राष्ट्रवादी बोरोक युवा 12 मार्च, 1989 को गोण्डा त्विसा में एकत्र हुए और एन.एल.एफ.टी. के साथ-साथ इसकी सशस्त्र विंग अर्थात् 11 दिसम्बर, 1991 को उदयपुर उप-मंडल के अंतर्गत त्विनानी जांच चौकी पर हथियारों से हमला करने के साथ बोरोक आर्मी का गठन किया।

(ख) भूमिका के अनुसार, एन.एल.एफ.टी. के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों में त्विप्रा की बोरोक सभ्यता की विशिष्ट एवं स्वतंत्र पहचान हेतु सशस्त्र संघर्ष द्वारा 'देश' से साम्राज्यवाद, पूंजीवाद एवं नवउपनिवेशवाद को समाप्त करना; बोरोकलैंड त्विप्रा को मुक्त कराना एवं जनतांत्रिक सरकार की स्थापना करना; बोरोक राष्ट्र को सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक शोषण, अत्याचार, दमन तथा नवउपनिवेशवाद से मुक्त कराना एवं इसके साथ ही पारंपरिक देशी संस्कृति एवं जन आस्थाओं आदि के बहाली का कार्य करना शामिल हैं। बोरोक सभ्यता की मुक्ति को साकार रूप देने हेतु संविधान का प्रारूप तैयार किया गया तथा दिनांक 15 नवम्बर, 1994 को केन्द्रीय कार्यकारी समिति में अनुमोदित किया गया।

31. एन.एल.एफ.टी. के संविधान में उल्लेख है कि बोरोक सभ्यता की विशिष्ट एवं स्वतंत्र पहचान के लिए बारोकलैंड त्विप्रा को आजाद कराने तथा विचारों, अभिव्यक्ति, श्रद्धा, विश्वास एवं पूजा की आजादी को प्रोत्साहित करने हेतु एक क्रांतिकारी संगठन के गठन का संकल्प लिया गया है। तदुपरांत, त्विप्रा की बोरोक जनता के प्रतीक एवं आधिकारिक भाषा का वर्णन किया गया है। संविधान के अध्याय-II में एन.एल.एफ.टी. के सदस्यों के नामांकन हेतु पात्रता एवं प्रक्रिया का वर्णन है, जबकि अध्याय-III में एन.एल.एफ.टी. के सदस्यों के अधिकारों, कर्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख किया गया है। पार्टी के संगठनात्मक ढांचे का, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, विदेश सचिव, वित्त सचिव, गृह सचिव, न्यायिक सचिव आदि पदाधिकारी शामिल हैं, उल्लेख संविधान के अध्याय-IV में किया गया है। संविधान के अध्याय - V में विभिन्न प्राधिकारियों के कार्यों को दर्शाया गया है। एन.एल.एफ.टी. के प्रचालन क्षेत्र को संविधान के अध्याय-VI के अनुच्छेद-32 में दर्शाया गया है, जिसमें त्विप्रा का संयुक्त राज्य, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, नेफा (अरूणाचल) एवं सिक्किम शामिल हैं।

32. इसी प्रकार, ए.टी.टी.एफ. का संविधान भी रिकार्ड पर प्रस्तुत किया गया है और इसे प्रदर्श-पी-8/डब्ल्यू-2 (कोली) के रूप में दर्शाया गया है। ए.टी.टी.एफ. का उद्देश्य एवं लक्ष्य भारत के संविधान के अंतर्गत जनजातियों के 19 सूत्रीय हितों के अस्तित्व के लिए बिना किसी

